जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

24 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

सीडीओई, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने प्रॉस्पेक्टस 2024-25, द्विवार्षिक न्यूज़लेटर और आधिकारिक यूट्यूब चैनल को लॉन्च किया।

सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई), जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने दिनांक 23 जुलाई, 2024 को सेंटर के कॉन्फ्रेंस रूम में अपने सीडीओई द्विवार्षिक न्यूज़लेटर 'द सीडीओई पोस्ट, 'सीडीओई प्रॉस्पेक्टस 2024-2025' और सीडीओई आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सीडीओई जेएमआई ऑफिशियल'को लॉन्च किया। कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और एमएएनयूयू, हैदराबाद के पूर्व कुलपति प्रो. मोहम्मद मियां इस लॉन्च कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे । इस अवसर पर मुख्य कुलानुशासक प्रो. मोहम्मद शाहिद खान, सीपीआईओ डॉ. मकसूद अहमद मलिक और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील और प्रो. मोहम्मद मियां ने संयुक्त रूप से द्विवार्षिक समाचार पत्र, सीडीओई प्रॉस्पेक्टस 2024-2025 का विमोचन किया और इस भव्य कार्यक्रम में सीडीओई के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को शुरू किया।

सीडीओई के मानद निदेशक प्रो. जसीम अहमद ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया कि उन्होंने इस लॉन्च कार्यक्रम के अवसर पर केंद्र का दौरा किया । उन्होंने बताया कि केंद्र में वर्तमान समय में 17,000 से अधिक छात्र हैं और यह केंद्र 24 कोर्स संचालित करता है। उन्होंने केंद्र के मौजूदा चुनौतियों का उल्लेख किया और समय रहते उनसे निपटने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की। प्रो. जसीम ने केंद्र के उद्देश्यों और एनईपी 2020 के लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्य से केंद्र के विकास हेतु दोनों आमंत्रितों से समर्थन की मांग की ।

प्रो. मोहम्मद मियां ने सीडीओई के मानद निदेशक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बारे में अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने केंद्र के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने हेतु भविष्य की जरूरतों के लिए पहले से तैयारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र को अगले स्तर तक ले जाने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया और कहा कि दूरस्थ और ऑनलाइन माध्यम जामिया मिल्लिया इस्लामिया की पहुंच और लोकप्रियता को बढ़ा रहे हैं। प्रो. मियां ने जेएमआई के सीडीओई के संस्थापक निदेशक के रूप में अपने समय की पुरानी यादें भी साझा कीं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील ने सीडीओई द्विवार्षिक समाचार पत्र, सीडीओई प्रॉस्पेक्टस 2024-2025 के प्रकाशन और सीडीओई के आधिकारिक यूट्यूब चैनल के शुभारंभ हेतु प्रो. जसीम अहमद को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए उचित कार्रवाई करने के महत्व पर जोर दिया। प्रो. शकील ने कहा कि परीक्षा की कठोरता में सुधार से सक्षम छात्र तैयार होंगे और केंद्र की प्रतिष्ठा में इजाफा होगा । उन्होंने केंद्र के निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल को भी याद किया जब उन्होंने कुवैत में बी.एड. कोर्स के लिए लर्निंग सपोर्ट सेंटर की स्थापना की और सीडीओई में बी.एड. प्रवेश परीक्षाओं के लिए ओएमआर प्रणाली शुरू की।

डॉ. दयाल संधू ने कार्यक्रम का संचालन किया कार्यक्रम का समापन डॉ. बुशरा के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया